खाटू के श्याम बाबा मिला जब से तेरा सहारा

खाटू के श्याम बाबा मिला जब से तेरा सहारा,
दुःख दूर हो गये सब होता आराम से गुजारा,
खाटू के श्याम बाबा मिला जब से तेरा सहारा,

किरपा की जो न होती आदत तेरी पुराणी,
ये दुनिया फिर ना होती बाबा तेरी दीवानी,
अपनी शरण में जो लिया एहसान है तुम्हारा,
खाटू के श्याम बाबा मिला जब से तेरा सहारा,

बिगड़ी बनाने वाले लाखो को तूने तारा,
डूबी हुई नैया का बना तू ही खेवन हारा,
भवरो में अटकी नैया को दिया तूने किनारा,
खाटू के श्याम बाबा मिला जब से तेरा सहारा,

कोई नहीं है अपना सारा जग हुआ पराया,
संकट की हर घडी में बाबा काम तू ही आया,
रूभी रिधम कहे ये तु श्याम है हमारा
खाटू के श्याम बाबा मिला जब से तेरा सहारा,

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/9038/title/khatu-ke-shyam-baba-mila-jab-se-tera-sahara

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |